प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 12.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले का आज मुंबई में निधन, अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत कई दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को करेंगे संबोधित, झारखंड बीजेपी ने की नारी शक्ति वंदन बिल को समर्थन देने की अपील।
3. उत्पाद सिपाही बहाली परीक्षा के कथित पेपर लीक से जुड़े मामले में तमाड़ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, संदिग्ध सामग्री बरामद करीब डेढ़ सौ युवक हिरासत में।
4. राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान में हुई बढ़ोत्तरी, सरायकेला–डाल्टनगंज में तापमान सैंतीस डिग्री के पार।

और

5. रांची में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज–4 में जुटे देशभर के दो सौ पच्चीस खिलाड़ी, झारखंड के 13 खिलाड़ी कर रहे राज्य का प्रतिनिधित्व।

****

प्रसिद्ध गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में होगा। आशा भोसले का करियर आठ दशक से अधिक लंबा रहा और वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए ख्यात थीं। वे जानी–मानी गायिका लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाज़ों में से एक थीं, जिनकी लंबी संगीत यात्रा ने देश की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया।
वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा– आशा जी केवल गायिका नहीं, बल्कि एक युग की पहचान थीं, जिनकी विरासत सदैव जीवित रहेगी। राजनीति और फिल्म जगत के कई हस्तियों ने अपनी संवेदना प्रकट की है।

****

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में सरकार, शिक्षा, विज्ञान, खेल, उद्यमिता, मीडिया और सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख महिलाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन और नेतृत्व में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को मजबूत करना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। यह सम्मेलन महिला सशक्तिकरण और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होगा।

****

बीजेपी नेता और पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने सभी राजनीतिक दलों से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करने की अपील की है। रांची में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और बेहतर प्रतिनिधित्व के लिए सभी दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए।

****

हजारीबाग में विधायक नीरा यादव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाएगा।

वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारतीय लोकतंत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बताया।

****

जामताड़ा जिले में 9 से 18 अप्रैल तक चल रहे पेयजल निवारण पखवाड़ा के तहत गोपालपुर पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनुमंडल दंडाधिकारी अनंत कुमार के नेतृत्व में बंद पड़े चापानलों की मरम्मत, जल की शुद्धता जांच और पेयजल आपूर्ति बहाल करने की पहल की गई। साथ ही खराब जलमीनारों को दुरुस्त कर सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

****

रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव मिसिरडेरा में पुलिस ने छापेमारी कर करीब 150 युवकों को हिरासत में लिया है। बता दें कि निर्माणाधीन परिसर में उत्पाद सिपाही बहाली परीक्षा के प्रश्नपत्र और उत्तर रटाए जा रहे थे। कार्रवाई के दौरान पेपर लीक गैंग के सदस्य मौके से फरार हो गए। पुलिस को घटनास्थल से कागज के टुकड़े, आई कार्ड के अवशेष और अन्य संदिग्ध सामग्री मिली है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

****

पलामू जिले में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आठवां संस्करण मनाया जा रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य जीवन के पहले छह वर्षों में बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को मजबूत करना है.

****

महिला सशक्तिकरण को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिले में काफी प्रयास किए जा रहे हैं।

****

राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में तापमान लगातार बढ़ रहा है। सरायकेला और डाल्टनगंज में पारा 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने फिलहाल राहत के आसार नहीं जताए हैं। लोगों को तेज धूप से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी गई है।

****

रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज–4 का आयोजन आज से हो रहा है, जिसमें देशभर के दो सौ पच्चीस खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। रेलवे, आर्मी और नेवी सहित शीर्ष संस्थानों के खिलाड़ियों के बीच 15 इवेंट्स में कड़ी प्रतिस्पर्धा जारी है। झारखंड के 13 खिलाड़ी भी राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता कॉमनवेल्थ और फेडरेशन गेम्स की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

****

झारखंड की टीम ने सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। रांची के एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में आज खेले गए फाइनल में झारखंड की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रोमांचक मुकाबले में मध्यप्रदेश की टीम को दो एक से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। समापन समारोह के दौरान विजेताओं का सम्मान हुआ।

*******समाप्त*******